कार्यालय :– जिला कृषि पदाधिकारी, गुमला

संयुक्त कृषि भवन, द्वितीय तल्ला करमटोली रोड, गुमला(झारखण्ड), पिन नं.–835207
E-mail ID – atmagumla@rediffmail.com, daogumla@gmail.com

पत्रांक....922..........

दिनांक...25-07-2023

प्रेषक,

जिला कृषि पदाधिकारी
गुमला।

सेवा में,

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,
गुमला।

विषय– कृषि विभाग के द्वारा किये गये नई पहल/कार्य एवं योजनाओं के विवरणी के संबंध में।

प्रसंग– कार्यालय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, गुमला का पत्रांक– 113 दिनांक–25-07-2023

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है, कि एकीकृत खेती के माध्यम से खेती करने वाले एक प्रगतिशील कृषक की सफलता की कहानी का संकलन कर इस पत्र के साथ संलग्न कर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी भेजी जा रही है।

विश्वासभाजन

25/7/2023

जिला कृषि पदाधिकारी,
गुमला।

25/7/23

सफलता की कहानी

एकीकृत खेती(सब्जी उत्पादन और मुर्गी पालन) पर आधारित

किसान का नाम– कल्याणी देवी, पति – विनोद साहू, गाँव– तेलगाँव, पंचायत– तेलगाँव, कल्याणी देवी एक प्रगतिशील किसान हैं जो वर्षों से खेती कर रही हैं। वह किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं और बचपन से ही खेती को देखकर प्रेरित रही हैं, जिससे उन्हें एकीकृत खेती करने की प्रेरणा मिली और वह खेती करके अपने परिवार की जीविका रही हैं। एवं गाँव के किसानों के लिए अपने मेहनत एवं स्वयं तकनीक के कारण आर्दश बनी हुए है।

कल्याणी देवी लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में खेती कर रही है, जहाँ वह पोल्ट्री फार्मिंग के साथ–साथ टमाटर, बैगन लहसुन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज, कद्दू, करेला मटर, आदि मौसमी सब्जियाँ उगाती है। इसके अलावा सरसों, चेरी टमाटर, स्ट्रोबेरी एवं नीबूं की खेती भी करती है। सब्जी की खेती से कल्याणी देवी को सलाना लगभग 4 से 5 लाख रू0 की आमदानी होती है। इनके खेत में सिंचाई के लिए दो कुआँ और दो बोरिंग है। उनके पोल्ट्री फार्म में 5000 चूजे हैं। पोल्ट्री में अंडे और चूजों के उत्पादन के एक चक्र में लगभग 1 लाख कमाती हैं।

कल्याणी देवी अन्य महिला किसानों के लिए एक प्रेरक किसान है। वह वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रिप सिंचाई से भी लाभान्वित हो चुकी हैं, जिससे उन्हें विपरीत परिस्थिति में कम पानी में खेती के विस्तार में काफी मदद मिली। बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत उन्हें चना बीज प्रभेद सी0एस0जे0– 515 एवं उद्यान विभाग गुमला के तहत उन्नत सब्जियों के बीज प्रदान की गयी, जिससे उनके सब्जियों में उत्पादन सामान्य से 20 प्रतिशत अधिक हुआ। अपने इसी कृषि कौशल के माध्यम से वो अच्छी कमाई कर रही हैं, और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रही है। इनके द्वारा उन्नत तरीके से एकीकृत खेती करने के कारण कृषि विभाग, गुमला द्वारा आयोजित किसान मेला 2020 एवं 2021 में इन्हें प्रगतिशील किसान के रूप में सम्मानित भी किया गया, पुरस्कार में उन्हें कृषि यंत्र देकर सम्मानित किया गया।



कल्याणी देवी कहती है कि आज वे इतने सुख सुविधा के साथ रह रही हैं, वो उनके एकीकृत खेती को नई तकनीकी से अपना कर ही मुमकिन हो पाया है। कल्याणी देवी ने खेती पर उत्सुकता जताई है, साथ ही साथ अन्य किसानों को भी आधुनिक विधि से खेती एवं एकीकृत खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।